Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 18.11.2021 | अंक 58

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय बेलकपी में अपेम ट्रस्ट द्वारा क्विज, खेलकूद व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोज़न, बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

अनुमण्डल पत्रकार एकता मंच के सौजन्य से बरकट्ठा प्रखण्ड के कन्या उच्च विद्यालय में क्विज, खेलकूद एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोज़न किया गया। बताते चलें कि राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में अपेम ने स्कूली बच्चों को खेलकूद व शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहवर्धन को लेकर प्रशस्ति व सम्मान समारोह का आयोज़न किया जा रहा है। जहां बरही अनुमण्डल अंतर्गत के स्कूलों में यह कार्यक्रम एक पखवाड़े तक संचालित रहेगा। इसी निमित गुरुवार को कन्या उच्च विद्यालय बेलकपी में वर्ग 6 –8 एवं 9–10 तक बच्चों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता व शैक्षणिक दक्षता प्रतियोगिता का आयोज़न किया गया। शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर गतिविधयों क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों व खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान तक बेहतर प्रदर्शन करनेवाले को प्रशस्ति पत्र व पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। मालूम हो कि 100 मीटर के दौड़ प्रतियोगिता में वर्ग 6–8 बालक ग्रुप में प्रथम रॉबिन मुर्मू,द्वितीय छोटू कुमार,तृतीय सूरज कुमार ,बालिका ग्रुप में प्रथम सुहानी कुमारी,द्वितीय मनीषा कुमारी व तृतीय स्थान पर काजल कुमारी रही।वहीं 9–10 वर्ग के विद्यार्थियों के बीच 100 मीटर दौड़ में बालक समूह से प्रथम धीरज कुमार, द्वितीय रोहित कुमार, तृतीय सुरेंश कुमार ,बा. लिका समूह में रानी कुमारी प्रथम,अनुपमा कुमारी द्वितीय व लक्ष्मी कुमारी तृतीय स्थान में सफलता हासिल की। कुर्शी रेस प्रतियोगिता में लक्ष्मी कुमारी, सलोनी कुमारी, अष्टमी कुमारी, अंजली कुमारी, शीतल कुमारी, सोनी कुमारी, अंजली ने जीत दर्ज की। शैक्षणिक दक्षता में वर्ग 6 से बादल कुमार, नेहा कुमारी, रिंकी कुमारी, वर्ग 7 से निधि कुमारी, स्वाति कुमारी, रौशन कुमार, वर्ग 8 से साक्षी कुमारी, रौशन कुमार, प्रेमचंद,वर्ग 9 से रिशु कुमारी, सुमन कुमार, विक्की कुमार, वर्ग 10 से अष्टमी कुमारी, प्रियांशु कुमारी व प्रियांशु ने बेहतर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि अपेम के सौजन्य व विद्यालय परिवार के सयुंक्त प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस निमित विद्यालय प्राधान शिक्षक समेत सभी शिक्षको को सामूहिक रूप से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं खेल कूद के आयोज़न में महत्त्वपूर्ण भूमिका में रहे खेल शिक्षक हिरामन पांडेय को ट्रॉफी देकर अपेम ने सम्मानित किया।।मौके पर मुख्य अतिथि अपेम के मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार, अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष रियाज़ खान, सुरेंद्र कुमार, ईश्वर यादव, प्रखण्ड प्रभारी परमानंद पांडेय, पंकज कुमार, शाहबाज खान, विक्रम कुमार, संजय कुमार दास, सुरेंद्र प्रसाद, अवधेश यादव, मुकेश कुमार, ममता कुमारी, रेखा कुमारी, राकेश प्रसाद, ब्रह्मदेव कुमार, संजय कुमार व इंद्रजीत प्रसाद उपस्थित थे।



पुरस्कार वितरण करते अपेम के अधिकारी



पुरस्कृत बच्चे



क्विज प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी



स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराती स्कूली बच्चियां

## रसोइया धमना में आपके अधिकार–आपकी सरकार, आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

### शिक्षा, स्वास्थ्य ,पीडीएस सहित दर्जनों स्टॉल लगाकर की सरकारी योजनाओं की जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**

झारखण्ड सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हजारीबाग जिले के सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रसोइया धमना पंचायत के मवि बेन्दगी में शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, एसडीओ पूनम कुजूर, सीओ अरविन्द देवाशीष टोप. पो, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, प्रमुख मंजू देवी, अब्दुल मनान वारसी, मुखिया बिलास देवी, समा. जसेवी तपेश्वर प्रसाद ने ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडीएस, सामाजिक सुरक्षा पेशन, मत्स्य विभाग, कृषि एवं श्रम विभाग का स्टॉल लगाया गया। मौके पर आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संच. ालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना संबंधी आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। साथ ही आम. जनों की समस्याओं व शिकायतों का निराकरण भी किया गया। इस शिविर में स्थानीय जनमानस से योग्य लाभूक के आधार पर राशनकार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, विभिन्न प्रमाण–पत्रों, मनरेगा, केसीसी, श्रम निबंधन, विद्युत, 15वें वित्त, स्कॉलरशिप, दाखिल–खारिज, वनाधिकार सहित अन्यान्य आवेदन प्राप्त कर त्वरित निष्पादन किए गए। साथ ही इन शि. विरों में पहुंचने वाले स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनोपयोगी एवं रोजगारोन्मुखी योजनाओं की विस्तृत जानकारी पोस्टर, पम्फलेट, बैनर व ऑडियो–विडियो के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि वे इन योजनाओं के बारे में जान सके और स्वरोजगार कर मुख्यधारा से जुड़ते हुए बेहतर जीविकोपार्जन कर सकें। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के तरफ जांच स्टॉल लगाकर शिविर में आये ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई। मौके मो शमशेर अली, तपेश्वर प्रसाद, अल्ला रखे, सुनील कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद




शिविर का उद्घाटन करते अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने बरही प्रखंड पंचायत अध्यक्षों के नए नामों की घोषणा की

**अपेम लाइवः बरही**




कांग्रेस कार्यालय मे उपस्थित लोग

प्रखंड कांग्रेस कार्यालय बरही में युवा कांग्रेस कमेटी का एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव व संचालन प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव उपस्थित थे। विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने युवा कांग्रेस कमेटी में फेरबदल करते हुए कुछ नए पंचायत अध्यक्षों के नाम की घोषणा की जिसमें गोरियाकरमा से मोहम्मद सिराज, बरही पश्चिमी सतीश निषाद, करियातपुर टिंकू केसरी, बरसोत फिरदोस खान, धनवार मोहम्मद हुमायूं, मलकोको प्रयाग प्रसाद, बेंदगी मोहम्मद अरमान, दूलमाहा नवलेश पासवान। आगे उन्होंने कहा कि बाकी पंचायत अध्यक्षों के नाम की घोषणा बहुत ही जल्द की जाएगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा युवा शक्ति पार्टी संगठन की रीढ़ होती है तमाम युवा साथी कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए समर्पण की भावना से काम करें मेरा मार्गदर्शन मेरा सहयोग चौबीसों घंटे आपके साथ रहेगा।

## चंदवारा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**



बैठक में शामिल जिला अध्यक्ष व अन्य

कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी जन जागरण अभियान को सफल बनाने हेतु चंदवारा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू सहित जन जागरण अभियान के जिला संयोजक प्रदीप कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष राम लखन पासवान मौजूद थे। इस दौरान निर्णय लिया गया कि आगामी 20 नवंबर के प्रस्तावित जन जागरण अभियान के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय राजेश ठाकुर साहित् सम्मानित के कोडरमा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रणनीति तय की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि चंदवारा प्रखंड के सभी पंचायतों से अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भाग लेंगे और जन जागरण अभियान को सफल बनाएंगे। विधायक प्रतिनिधि राजकुमार यादव ने कहा कि चंदवारा प्रखंड में एक जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। जिसमें केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण हो रहे आर्थिक मंदी को लोगों को बताया जाएगा। बैठक में जिला महासचिव सह मुखिया धीरज कुमार, प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार बरनवाल, झुमरी तिलैया नगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात कुमार राम, भुनेश्वर मोदी, अनिल दास भोला दास आदि मौजूद थे।

## सरकार की उदासीनता से फिर एक पारा शिक्षक का परिवार हुआ बेसहारा

### पारा शिक्षक संघ ने किया शोकाकुल परिजन को आर्थिक सहयोग

**अपेम लाइवः बरही**




मृतक पारा शिक्षक के परिजनों को आर्थिक सहयोग करते पारा शिक्षक

बरही प्रखंड के पारा शिक्षक स्वर्गीय बंसी साव के आकस्मिक निधन पर पारा शिक्षक संघ की ओर से आर्थिक सहयोग उनके घर जाकर परिजनो को दिया गया और परिजनों को आश्वस्त किया कि संगठन हर समय आपके साथ सुख दुःख मे खडा रहेगा। इनके निधन से प्रखंड के सभी पारा शिक्षक काफी मर्माहत है। स्वर्गीय बंसी साव मध्य विद्यालय करियातपुर के एक पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत थे । वह अपने पीछे भरे पूरे परिवार को छोड़ इस दुनिया को छोड़ गए। राज्य कमिटि सदस्य संजय कुमार दुबे ने कहा राज्य के पारा शिक्षक सभी कामों में सहयोग करते हैं , परंतु आज तक राज्य सरकार हम लोगों के भविष्य और परिजनों के बारे में कभी नहीं सोचा । आज राज्य में नई सरकार बनने से एक आशा की किरण जगी थी। परंतु इस सरकार के द्वारा भी आज 2 वर्ष बीतने के कगार पर है, पर आज तक कोई पहल नहीं की गई है । आज सरकार की लापरवाही से एक परिवार को पुनः दुर्दिन देखने को मिल रहा है। यदि सरकार पहल की होती तो उनके परिजन को आर्थिक सहयोग प्राप्त होता। दुबे ने कहा कि जब जब सरकार बनती है पारा शिक्षकों को एक आश्वासन और छलावा दिया जाता है। जिससे राज्य के पारा शिक्षक काफी मर्माहत है । सरकार की उदासीनता के कारण एक पारा शिक्षक की मृत्यु हुई और सरकार के द्वारा एक पैसा का लाभ उनके परिजन को नहीं मिला । अगर सरकार शिक्षक कल्याण कोष का गठन किया होता या ईपीएफ से जोड़ा होता तो निश्चित तौर पर अल्प मानदेय भोगी पारा शिक्षक के परिजन को इस दुख की घड़ी में सहायता प्राप्त होती है । मनोज घोष ने कहा कि बरही प्रखंड के सभी पारा शिक्षक अपने स्तर से एक निश्चित राशि जमा कर उनके परिजनों को सहयोग राशि के रूप मे सहयोग किया। अत्यंत दुख तब होता है जब स्थानीय जनप्रतिनिधि भी पारा शिक्षकों के मृत होने के बाद उनके परिजनों को सहयोग करना तो दूर हाल-चाल भी पूछना मुनासिब नहीं समझते हैं। परंतु संगठन अपने दायित्व का निर्वहन तब तक करेगा जब तक सरकार कोई पहल न करती है। पारा शिक्षक अजय प्रजापति ने कहा की सरकार अविलंब स्थायीकरण करें एवं वे. तनमान दे अन्यथा झारखंड के पारा शिक्षक फ़िर एक बार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। झारखंड के शिक्षा मंत्री के आश्वासन कि 29 दिसंबर तक पारा शिक्षकों का सभी समस्याओं का निदान करके घोषणा की जाएगी ।। यदि ऐसा हुआ तो हम सभी प्रखंड के शिक्षक उनके इस कार्य के लिए धन्यवाद देगें। यदि सरकार के द्वारा कोई घोषणा नहीं होती है तो फिर हम लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। आज के इस कार्यक्रम में एककीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा के सदस्य संजय दुबे, जिला उपाध्यक्ष अजय प्रजापति , प्रखंड सचिव मनोज कुमार घोष ,प्रखंड कोषाध्यक्ष मोहम्मद सनौवर ,राजीव प्रसाद महेश यादव ,रामेश्वर रविदास, नसरीन बानो , राजकुमार रविदास , सुरेंद्र यादव, राजीव कुमार, अफरोज अंसारी, सुखदेव यादव, दशरथ प्रसाद यादव ,मुन्ना मिर्धा ,रामेंद्र प्रसाद ,नंदकिशोर पांडेय, मनोज कुमार ठाकुर, गोविंद महतो ,सीताराम ,दीपक प्रसाद यादव, रंजीत सिंह, अनिल केसरी ,अम. रेंद्र कुमार ,अशोक पंडित, मोहम्मद इरशाद ,राजेश यादव, प्रदीप कुमार ,अजीत कुमार, इत्यादि सैकड़ों पारा शिक्षक उपस्थित रहे।


APEM
LIVE

## बंडासिंघा इचाक पीडब्ल्यूडी रोड़ में मिली अज्ञात महिला की लाश



जाँच मे जुटी प्रशासन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**



खोजबीन मे जुटी डॉग स्कवॉयड की टीम

बरकट्ठा थाना क्षेत्र के बंडा. सिंघा इचाक पीडब्ल्यूडी रोड़ डुमरढिहा जंगल मे लगभग 25 वर्षीय अज्ञात महिला की एक लाश मिली है सुबह डूमरढिहा गांव के ग्रामीण जब जंगल जलावन की खोज में गए थे झाड़ियों में पड़ी लाश नजर पड़ी घटनास्थल पर स्थानीय चौ. कीदार बद्री सिंह ने घटना की जानकारी बरकट्ठा थाना प्रभारी को दी लगभग एक घण्टे बाद ग्रामीणों ने पुनः जानकारी गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी को दी जानकारी मिलने के साथ ही घटनास्थल पर गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी सदलबल पहुची सूचना के बाद इंस्पे. क्टर अमित कुमार लकड़ा व बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार पहुचे पुलिस अधिक. ारियो के अनुसार प्रथम दृ ष्टया मामला दुष्कर्म से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है मृतका की शिनाख्त नही हो पाई है । घटना स्थल पर हजारीबाग से डॉग स्कॉयड आया लेकिन कोई सुराग नही मिल पाया खोजी कुत्ता लाश को सूंघकर सड़क पर वापस आकर बैठ गया । पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है वही स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस सड़क से बड़ी संख्या में दुपहिया वाहनों से लोग हजारीबाग से बरकट्ठा आते है लेकिन शाम होते ही यह सड़क वीरन हो जाता है । साथ ही इसके पूर्व भी इस सड़क पर छिनतई व हत्या हो चुकी है जिसका उद्भेदन अब तक नही हो पाया है । घटना स्थल पर जानकारी मिलने के बाद पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, सांसद प्रति. निधि केदार साव, सुरेंद्र साव पहुचे उन्होंने भी पुलिस से मामले की गहन जांच कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है ।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक में 75 वर्ष के ऊपर पेंशनरों को सम्मानित करने का निर्णय

**अपेम लाइवः बरही**

झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही इकाई की बैठक मंगलवार को पेंशनर समाज के कार्यालय परिसर में रत्नेश्वर प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में हुई। जिसका संच. ालन सचिव तोखन प्रजापत्ति एवं राजेन्द्र प्रसाद रुखरियार ने किया। बैठक में बताया गया कि 01.01.2006 से 31.12. 2015 तक सेवानिवृत्त शिक्षकों का पेंशन पुनरीक्षण हेतु प्रपत्र अ०नलाइन जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय भेज दिया गया है। लेकिन लगभग 20 माह बीत जाने के बाद भी सेवा पुस्तिका एवं प्रपत्र का हार्ड क०पी महालेखाकार रांची के कार्यलय में नही भेज गया है। अतः सूचना के अधिकार तहत संगठन जानकारी प्राप्त कर अलग कदम उठाएंगे। साथ ही साथ 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले पेंशनरों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। 80 वर्ष से अधिक पूरा कर चुके पेंशनरों को उनके पेशन का 20 प्रतिशत लाभ अधिक संबंधित बैंक से नही मिला है, तो बैंक में अपना आवेदन पत्र दे देंगे जो पेंशनर अपना जीवन का प्रमाण पत्र बैंक में जमा नही दिए है। वे 30 नवंबर तक अवश्य जमा कर दे अन्यथा सेवानिवृत्त शिक्षिका मीना कुमारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया एव दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि उनकी मृत आत्मा को शांति प्रदान करे। मोके पर तोखन प्रजापत्ति, सुखदेव पांडेय, सहदेव सिंह, ब्रजकिशोर शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद रुखरियार, राधानाथ भगत, अर्जुन कुमार सिंह, अखिलेश्वर सिंह एवं त्रिपुरारी पांडेय मौजूद थे।



बैठक में शामिल पेंशनर

## हीरोडीह में भाकपा जिला कमेटी की बैठक सम्पन्न

### समय पर पंचायत चुनाव न कराना लोकतंत्र की हत्या : महादेव राम

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

भाकपा जिला परिषद कोडरमा कि बैठक हिरोडीह मे पुरुषोत्तम यादव कि अध्यक्षता मे किया गया। बैठक में कार्य रिपोर्ट सिपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने पेश किया। जो सर्वसम्मति से पास किया गया। इस दौरान पंचायत चुनाव 2021 को 31 दिसंबर तक किसी भी कीमत में संपन्न कराने हेतु 23 नवंबर 2021 को जिला समाहरणालय के समक्ष महामहिम राज्यपाल झारखंड को प्रेषित स्मार पत्र देने हेतु जिला समाहरणालय के समक्ष धरना देने का फैसला लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि दिसंबर 2020 तक चुनाव करा लेना था लेकिन कोरोना का बहाना बनाकर 6 माह के लिए विस. तार किया गया। फिर जून महीने में 6 माह के लिए पुनः विस्तार किया गया। उन्होंने कहा कि अगर दिसंबर 2021 तक चुनाव संपन्न नहीं होता है तो राज्य सरकार को फिर अवधि का विस्तार करना होगा। जो लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रतिनिधि 5 वर्ष के लिए चुने जाते हैं लेकिन 6 साल तक किसी भी प्रतिनिधि को अपने पद पर रहना लोकतंत्र की मर्यादा का हनन है। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि देश में लोकतंत्र है, देश संविधान से चल रहा है और संविधान में 5 वर्षो में चुनाव कराना है। लेकिन राज्य सरकार विस्तार पर विस्तार कर पंचायत चुनाव टाला जा रहा है। जिससे आम जनता में आक्रोश है। राज्य सरकार 2 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपकी द्वार कार्यक्रम चला कर वाहवाही लूटना चाहती है। यह कार्यक्रम जनता को बेवकूफ बनाने के लिए है। क्योंकि इसके पूर्व जो कार्यक्रम हुए थे उन कार्यक्रमों में वृद्धा पेंशन का फार्म, दाखिल खारिज का फार्म, आवास योजना का फार्म जिला समाहरणालय में धूल चाट रहा है। कोई कार्यवाही नहीं हुई इसी तरह इस कार्यक्रम में राशन कार्ड का आवेदन, वृद्धा पेंशन का आवेदन, दाखिल खारिज का आवेदन, रसीद काटने का आवेदन सभी के सभी आवेदन धूल चाटेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए उप प्रमुख विरेंद्र यादव ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग का सभी तैयारी में पानी फिर गया। अब मतदाताओं का वार्डवार पुनः विखण्डनीकरण करना होगा जो काफी कठिन कार्य है। उन्होंने कहा कि सोना सोबरन कार्यक्रम में जो धोती साड़ी बांटे जा रहे हैं उसमें बड़े पैमाने पर घोटाला हो रहे हैं। जो धोती साड़ी खरीद कर गरीब जनता को दिया जा रहा है वह पहनने लायक नहीं है। आपूर्तिकर्ता को अविलंब भुगतान रोक देना चाहिए। बैठक में महेश प्रसाद सिंह, काली सिंह, रामेश्वर चौधरी, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, कामेश्वर पंडित, रामेश्वर यादव, कामेश्वर राणा, पुरुषोत्तम यादव, बुलबुल खान उर्फ समीम खान, बलवा देवी, सोनिया देवी, बसमतिया देवी, गोविंद रजवार, दशरथ पासवान आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन दशरथ पासवान ने किया।



बैठक मे उपस्थित लोग

**आज का पंचाङ्ग----**

आज का अंग्रेजी दिनांकः---19.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---पूर्णिमा तिथि दिन 01:18 मिनट तक उपरांत प्रतिपदा तिथि
दिनः---शुक्रवार
नक्षत्रः---कृतिका नक्षत्र
योगः---परिघ
करणः---का
सूर्योदय :---प्रातः 06:38
सूर्यास्त : संध्या 05:22
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---मेष राशि में प्रातः 08:14 तक उपरांत वृष राशि में
आज का राहूकाल दिनः---10:30 बजे से दिनः---12:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः-आज कार्तिक पूर्णिमा है आज नदी में स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होता है।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660





## एकादशी उद्यापन को ले ठाकुर जी की झांकी निकाली गई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा परवता निवासी स्वर्गीय वजीर मोदी की घर्मपत्नी घमनी देवी,युगल राणा, बलदेव राणा के द्वारा कार्तिक एकादशी उद्यापन को लेकर भव्य व सुसज्जित ठाकुर जी की झांकी अलग अलग निकाली गयी घमनी देवी के बड़े पुत्र प्रकाश मोदी उनकी धर्मपत्नी आरती देवी, युगल राणा बलदेव के द्वारा सर्वप्रथम सभी देवी देवताओं को आह्वन कर पीले वस्त्रों में सजी देवी स्वरूपा माताओं व बहनों के साथ ठाकुर जी को माथे पर रखकर गाजे बाजे के भक्ति गीतों ओर नाचते गाते नगर भ्रमण किया गया सभी व्रतियों के घर पर 19 को महाप्रसाद भंडारा का कार्यक्रम है ठाकुर जी की यात्रा बरकट्ठा बाजार बरकट्ठा चौक,घूमते हुए सभी अपने अपने यज्ञ मंडप प्रस्थान किये ।धर्मनगरी अयोध्या के प्रसिद्ध प्रवाचक पवन आचार्य की अगुवाई में सात दिवसीय एकादशी उद्यापन को सम्पन्न कराया जा रहा है 13-19 नवम्बर तक संचालित होने वाले इस यज्ञ में प्रसिद्ध पंडितों द्वारा प्रवचन व जागरण की प्रस्तुति प्रत्येक दिन की जाएगी । मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उप. स्थिति रही



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## चंदवारा में नील गायों की भेंट चढ़ी बिरसा मुंडा आम बागवानी

### किसानों ने किया सहयोग करने की मांग

**अपेम लाइव : चँदवारा**
**धीरज कुमार**



बागवानी को दिखाता किसान

मनरेगा के तहत किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा जिंदगी भर के लिए आय का साधन उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना चंदवारा में नील गायों की भेंट चढ़ रही है। नील गायों के उत्पाद ने प्रखंड के कई गांवों के लाभुकों के आम बागवानी को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे लाभुकों के बीच भारी मुश्किलें खड़ी हो गई है। मदनगुण्डी पंचायत के करौंजिया निवासी रामलखन यादव व वीरेंद्र यादव तथा चंदवारा पश्चिमी पंचायत के चिलोडीह गांव निवासी तेजो महतो, सोबरन महतो व सुनील कुशवाहा ने अपने-अपने निजी जमीन पर योजना के तहत आम बागवानी लगाया थे और काफी मेहनत कर पौधे तैयार किए थे। लेकिन नजदीक के जंगल से नील गायों के झुंड ने आम बागवानी में लगे आम के छोटे-छोटे पौधों सहित कई सब्जियों के फसल को बुरी तरह नष्ट कर दिया। इधर नील गायों द्वारा नष्ट किए गए आम बाग. वानी की सूचना लाभुक करा. ँजिया निवासी रामलखन यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव को देकर नील गायों से सुरक्षा तथा फसल के नुकसान की भरपाई की मांग की है। रामलखन यादव ने बताया कि बहुत ही उम्मीदों के साथ आम की बा. गवानी लगाया था और उम्मीद पाला था कि तीन साल बाद आम की फसल से अपने व अपने परिवार का भरण पोषण करेंगे। लेकिन नील गायों ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। समाजसेवी संतोष कुशवाहा ने कहा है कि तीन साल तक पौधे की रखवाली करने की जिम्मेदारी लाभुकों को होती है। लेकिन लाभुकों का बा. गवानी नील गायों द्वारा बर्बाद कर दी गई है। लिहाजा इस पर पर प्रखंड व जिला प्रशासन को विशेष रूप से ध्यान देकर उन्हें सहयोग करना चाहिए।

**क्या है योजना** : मनरेगा योजना के तहत संचालित बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना के तहत लाभुकों के रूप में वैसे परिवार का चयन किया जाता है जिनका आजीविका खेती पर आश्रित होती है और बागवानी योजना के क्रियान्यवन एवं देखभाल करने में सक्षम होता है। इस योजना के तहत एक परिवार को 0.25 से 1 एकड़ जमीन पर ही आम बागवानी लगाना होता है। इसके तहत लाभुकों को सालाना सौ दिन के रोजगार की गारंटी के साथ-साथ आजीविकावर्धन एवं गांव की मूलभूत सुविधाएं भी प्राप्त होती है।

## बरही मध्य भाग के भावी जीप प्रत्याशी बिमला देवी के समर्थन में समजसेवी रामचंद्र यादव ने चलाया जन सम्पर्क अभियान



जनसंपर्क अभियान चलाते रामचन्द्र यादव

**अपेम लाइव : बरही**

समाजसेवी रामचंद्र यादव ने बरही मध्य भाग जिला परिषद के भावी प्रत्याशी विमला देवी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया ।। जनसंपर्क अभियान के तहत समाजसेवी रामचंद्र यादव ने तिलैया बस्ती के युवाओं के साथ मिलकर कोलुआकला पंचायत के विकास पर गंभीर चर्चा की । मौके पर मौजूद युवाओं ने बताया कि जिस प्रतिनिधि को पिछले कार्यकाल में जिला परिषद सदस्य निर्वाचित कर हमलोगों ने भेजा था। उनसे काफी उम्मीदें थी । लेकिन वे ग्रामीणों के उम्मीदों पर खरा नहीं उतरे । इसलिए इस बार हमलोग नया चेहरा देखना चाहते हैं । हम इस बार वैसे उम्मीदवार को अपना मत देकर जिला परिषद सदस्य बनाएंगे। जो हम लोगों के सुख-दुख के सहभागी होंगे । सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हम लोग सभी युवा साथी बरही मध्य भाग के जिला परिषद के भावी प्रत्याशी विमला देवी के पक्ष में अपना मत देकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएंगे । रामचन्द्र यादव ने कहा कि आप एक बार विश्वास करें। आपके विश्वास पर उतरने का पूरा प्रयास रहेगा। मौके पर रंजीत यादव, ज्योतिष यादव, राहुल यादव, प्रदीप यादव, राजदेव यादव, राहुल रवानी, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव, मुकेश यादव, संजय पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।









## बड्कागांव में रेजंगला के शहीदों को दिया गया श्रद्धांजलि

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

झारखण्ड कॉलेज के प्रांगण मे श्रद्धांजलि सभा आयोजन कि गई जिसकी अध्यक्षता विजय यादव एवं संचालन विनोद यादव ने किया। सभा के मुख्य अतिथि कारगिल युद्ध के योद्धा एच एन यादव ने कहा की रे. जंगला की युद्ध विश्व के 8 नंबर की शौर्य युद्धों मे गिना जाता है। हमें अपने देश के प्रति अपने कर्तव्य को समझने की आवश्यकता है तभी हमारा देश सुरक्षित व मजबूत होगा। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थिति श्रीकांत निराला, यादव विकाश समिति के अध्यक्ष चुरामन गोप, कमल गोप, नवलेश यादव, अवध यादव, मनोज गोप यादव, राजेश यादव ,कैला गोप, नरेश यादव, कोलेश्वर यादव, रघु यादव, उपेंद्र यादव, महेंद्र यादव, कुलदीप यादव, तिला यादव, दिनेश्वर यादव, रामदेव यादव, प्रकाश यादव, रिंकू यादव, शुबोध यादव, जनार्दन यादव, मनोज यादव सैकड़ो यादव समाज के लोग के साथ छात्र छात्रवों ने श्रद्धांजलि सुबह में लोग उप. स्थित थे।

## जिला अपर समाहर्ता किया गया स्वागत

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


प्रतिमा पर माल्यार्पण करते

जिला अपर समाहर्ता राकेश रोशन को बड़कागांव में पहुंचने पर चेतलाल राम के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं शिक्षकों के द्वारा बुके देकर स्वागत किया।जिला अपर समा. हर्ता राकेश रोशन बड़कागांव में 2007 ईस्वी में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर रह कर सेवा दे चुके है। श्री रोशन ने सर्वप्रथम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इस दौरान ग्रामीणों से उन्होंने हालचाल लिया। एवं 2007 कार्यकाल को याद कर लोगों के बीच यादों को शेयर किया। बताते चलें कि अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने बाबा साहब भीमराव अंब. ेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के योगदान में सराहनीय भूमिका निभाई थी उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की प्रांगण को सुंदरीकरण कराया जाएगा। मौके पर उप. स्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिक. ारी जितेंद्र कु पांडेय ,शिक्षक चेत लाल राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन, मुनेश कुमार राम, हेमेंद्र कुमार, विनोद रजक, रविदास महासभा के सचिव अजीत रवि, रवि राम, उपेंद्र महतो, सूरज कुमार अविनाश आहूजा समेत अन्य उपस्थित थे।

## पुलिस व वन विभाग तथा अंचल ने मिल कर चलाया पोस्ता विरोधी अभियान

### पोस्ता के खेती करने वाले होंगे सलाखों के पीछे : अविनाश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**


पोस्ता विरोधी अभियान चलाते

राजपुर थाना क्षेत्र के कई जंगली इलाको में अफीम माफिया बेधड़क होकर पोस्ता के खेती किए है।जिसे वह विभाग एवं अंचल तथा पुलिस ने मिल कर संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बेंगोकला पंचायत के बेंगो. कला एव बेंगोखुर्द गांव के जंगलों में लगाए गए एक एकड़ जमीन पर लगे पोस्ता के फसल को बर्बाद कर दिया गया। यह अभियान एस डी पी ओ अविनाश कुमार, अंचलाधिकारी हुलास महतो एवं डी एफ ओ एन पांड्या के देख रेख में संयुक्त रूप से हुआ।एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बेंगोकला के कुछ जंगली इलाको में पोस्ता के माफिया बड़े पैमाने पर पोस्ता की खेती किए हुए हैं गुप्त सुचना के आलोक में वन विभाग एवं अंचल को लेकर अभियान चलाया गया जिसमें एक एकड़ में लगे पोस्ता के फसल को ट्रेक्टर से जोत कर नष्ट किया गया।उन्होंने कहा कि पोस्ता की खेती रने वालो को अब खैर नहीं होगी।पोस्ता की खेती करने वालो को बख्शा नही जाएगा।पोस्ता की खेती करने वाले पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और उन्हें जेल भेजा जाएगा।उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी पोस्ता की खेती करने वाले को मना करे नहीं तो पोस्ता की खेती करने वालो पर पुलिस करेगी। मौके पर प्रभारी थाना प्रभारी विकास कुमार सिंह अन्य उपस्थित थे।

## चोरी मामले को लेकर बड़कागांव थाना में दो मामला दर्ज

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




चोरी के अलग–अलग मामले को लेकर बड़कागांव थाना में दो मामला दर्ज किया गया है। प्रवील महतो पिता मिट्ठू महतो गाड़ी संख्या जे एच 02 ए आर 2054 एवं कुमारी काजल शर्मा गाड़ी संख्या जे एच 02 ए टी 6713 मोटरसाइकिल की चोरी को लेकर बड़कागांव थाना में आवेदन दिया गया था। आवेदन के द्वारा बताया गया कि हम दोनों वाहन मालिक एनटीपीसी में कार्य करते हैं 14 माइल के पास गाड़ी खड़ी थी हम दोनों की गाड़ी चोरी हो गई।मामले को लेकर बड़कागांव थाना में कांड संख्या 278 / 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय जुगरा में चोरी को लेकर अरविंद कुमार ने सहायक थाना डाड़ी में आवेदन दिया था। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि अज्ञात चोरों के द्वारा तीन पंखा सहित लगभग 20000 की चोरी की गई है वही इस सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।मामले को लेकर कांड संख्या 279 / 21 दर्ज कर लिया गया है।

## विधायक अंबा प्रसाद के प्रयास से गरसुल्ला पंचायत के ग्राम लूंरुगा मे लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



ग्रामीणों को उपलब्ध ट्रांसफार्मर

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गरसुल्ला पंचायत के ग्राम लूंरुगा मे पिछले कई दिनो से ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से वहां के ग्रामीण अंधेरे में रहने के लिए बेबस थे मामला विधायक दिया गया जिसे विधायक संज्ञान लेते हुए विधायक ने तुरन्त 63 केवीए का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराईद्य इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की क्षेत्र में किसी भी तरह की समस्या होने पर सीधा मुझसे संपर्क करें, ग्रामीणों की हर समस्याओं का समाधान करना मेरी प्राथमिकता हैद्य इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, संजय महतो , रमेश रंजन, कुमार वीरेंद्र, दीनू महतो, पंचम महतो, लक्ष्मण महतो, अरुण महतो, बालेश्वर महतो समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किए

## जन जागरण पदयात्रा के तहत कांग्रेस ने विष्णुगढ़ में की नुक्कड़ सभा

### देश में महंगाई के लिए जिम्मेदार है भाजपा : जवाहरलाल सिन्हा

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



नुक्कड़ सभा मे शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता

केन्द्र की भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बेशुमार बढ़ती महंगाई एवं अराज. कता के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा पूरे भारतवर्ष में पदयात्रा जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार को विष्णुगढ़ में प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी के नेतृत्व में जन जागरण पदयात्रा किया गया। प्रखंड के नवादा में नुक्कड़ सभा कर लोगों को भाजपा सरकार का क्रियाकलाप लोगों को बतलाया गया। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार द्वारा किए गए कार्यों की उपलब्धि बताई गई। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष जवाहरलाल सिन्हा ने कहा की भा. जपा सरकार द्वारा देश की संपत्ति दो पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा है। इसका हर हाल में विरोध कर देश को बिकने से बचाना है, अन्यथा देश फिर से पूंजीपतियों का गुलाम हो जाएगा। इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कहा देश में जो भाईचारा था वह भाजपा ने खत्म कर दिया। देश को बांटने की साजिश रची जा रही है। भारत लोकतांत्रिक देश है। हम कल भी एक थे और आज भी एक रहेंगे। कांग्रेस का यही संकल्प है इसे जिंदा रखना होगा।कहा कि हम आप लोगों से यह संकल्प लेने के लिए आए हैं। जब तक इस सरकार को हमलोग सत्ता से बेदखल नहीं करेंगे, तब तक देश में अमन चौन और शांति नहीं रह सकती। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा ने कहा मोदी सरकार में महंगाई चरम सीमा पार कर गई है। लोगों का जीना दूभर हो गया है। 200 रुपये पर सरसों तेल पहुंच गया है। कांग्रेस के समय में 50 रुपये सरसों तेल मोदी जी को महंगाई डायन लग रहा था। आज महंगाई भौजाई लग रही है। इस नुक्कड़ सभा में प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रामजन्म राय, जाकिर हुसैन, हफीज अंसारी, जगदीश वर्मन समेत कई लोग मौजूद थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## नियमों को ताक पर रख पंचायत सचिवालय भवन में माले ने किया जिला स्तरीय बैठक

**अपेम न्यूज बिरनी (गिरिडीह)**

**सब्बा अहमद**



बैठक कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरनी प्रखंड अंतर्गत चोंगाखार पंचायत में स्थित पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार को भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने जिला स्तरीय एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता एवं दर्जनों की संख्या में नेतागण उपस्थित थे। इस बीच हमारे संवाददाता ने जब पार्टी के कई कैडरों से बात करनी चाही तो किसी ने जवाब नहीं दिया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पंचायत सचिवालय सार्वजनिक स्थल होता है, जहां पर किसी भी पार्टी का कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकता है अगर कोई पार्टी विशेष इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करती है, इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। वही जब हमारे संवाददाता ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा से बात किया तो उन्होंने कहा कि इस घटना की सूचना मिलते ही मैं पंचायत सचिवालय भवन चोंगाखार पहुंचा तब तक मीटिंग समाप्त हो चुकी थी। साथ हीं उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय किसी भी पार्टी के उपयोग के लिए नहीं है। पंचायत सचिवालय की जिम्मेदारी स्थानीय पंचायत सचिव पर होती है अतः जांच उपरांत पंचायत सचिव पर कार्रवाई की जाएगी।

## डाडी कला पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



परिसंपत्ति का वितरण करते अपर समाहर्ता राकेश रोशन एवं अन्य

प्रखंड के डाड़ी कला पंचायत में आपकी अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारश कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार रूप से जानकारी दी गई । 43 योजना एवं समस्याओं को लेकर सभी विभाग के द्वारा स्ट०ल लगाई गई थी। उप. स्थित मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने सभी स्थानों पर जाकर निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों से योजना एवं समस्याओं को लेकर पूछताछ की। शि. विर में वृद्धा पेंशन, सामा. जिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, पशुपालन,कृषि लोन एवं बीमा के अलावा अन्य योजनाओं से संबंधित मामले को लेकर ग्रामीण अपना नाम अ०नलाइन रजिस्ट्रेशन करवाएं। शिविर में कुल 525 लोगों का आवेदन प्राप्त हुआ जिस पर कई आवेदन पर शिविर में ही समाधान कर लिया गया । मौके पर ठंड से बचने के लिए गरीब एवं असहाय ग्रामीणों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। कोविड-19 से बचाव हेतु शिविर में वैक्स. ीनेशन भी किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम साहू के नेतृत्व में शिक्षा विभाग के द्वारा बच्चों का आधार कार्ड सुधारने का कार्य गया। ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से सवेरा आजीविका सखी मंडल चेपा खुर्द को आरएफ के लिए 6 लाख 30 हजार, डाडी कला आ. जीविका महिला ग्राम संगठन को सीआईएफ के लिए 3 लाख, ज्योति आ. जीविका सखी मंडल डाडी कला को सीसीएल के लिए 41 लाख और फूलों झानो आशीर्वाद योजना के तहत 2 महिलाओं को दस दस हजार का चेक के रूप में प्रोत्साहन राशि दिया गया। अपर समाहर्ता राकेश रोशन ने कहा कि सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, इसलिए पंचायतो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शि. विर का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से अपर समाहर्ता राकेश रोशन, बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडे, सीओ प्रभात भूषण सिंह, बीईईओ घनश्याम साहू, सीआई अनोज कुमार, प्रखंड चिि. कत्सा पदाधिकारी डा० बीएन प्रसाद, डा० अविनाश कुमार, प्रखंड कृषि पदा. धिकारी रवि रंजन, प्रखंड पशु चिकित्सक डा० जियाउल, पूजा राय, भास्कर राज, दीपक कुमार, आशीष कुमार, नवीन कुमार के अलावा कई विभाग के अधिकारी शिविर में उपस्थित थे।

## कार्तिक पूर्णिमा विशेषरू हजारीबाग के लिए यह सुखद संयोग, भगवान नृसिंह मेला में उमड़ता है सैलाब तो गुरुद्वारा भक्ति में होता है सराबोर

**अपेम लाइव : हजारीबाग**





कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिन को बहुत ही पवित्र और शुभ माना जाता है। भगवान शिव ने इसी दिन त्रिपुरासुर नामक असुर का संहार किया था इसी वजह से इसे त्रिपुरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इसका अन्य नाम गंगा स्नान भी है। इस खास अवसर पर नदी स्नान, दीपदान, पूजा- आरती, हवन तथा दान का बहुत ही महत्व माना गया है। इसी दिन सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी का जन्म हुआ था। उनके जन्मोत्सव के इस पावन दिन को सिख धर्म के लोग प्रकाशोत्सव पर्व के रूप में मनाते हैं। हजारीबाग के लिए कार्तिक पूर्णिमा कार्य है दिन विशेष महत्व इसलिए रखता है कि इस दिन सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड अवस्थित खपरियावां स्थित भगवान नरसिंह स्थान मंदिर परिसर में ऐतिहासिक प्रख्यात एक दिवसीय बहुआयामी नृसिंह मेला का आयोजन भी होता है। नृसिंह स्थान मेला को लेकर एक कहावत हजारीबाग में बहुत ही प्रचलित है कि धूल, कतारी, फूल का माला यही पहचान है नृसिंह मेला। नृसिंह स्थान परिसर में स्थापित भगवान विष्णु के दशावतारों की प्रतिमा के अलावे भोले शंकर, बजरंग. बली की प्रतिमा के समक्ष लाखों की संख्या में भक्त पहुंचकर पूजा- अर्चना कर माथा टेकते हैं और सुख, शांति और समृद्धि हेतु कमाना करते हैं। तत्पश्चात मेला में मिलन - संपर्क के साथ झारखंडी पारंपरिक व्यंजन पुआ, धुस्का, बर्रा के अलावे भगवान श्रीराम के पसंदीदा कंद- मुल फल और गन्ने का सेवन कर आंनद लेते हैं। मेले में धार्मिक, सामाजिक और रा. जनीतिक संगठनों द्वारा भी जनसेवा में कई प्रकार के स्ट०ल लगाए जाते हैं। का. र्तिक पूर्णिमा पर नृसिंह बाबा की पूजा - अर्चना को अहले सुबह से दिनभर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। हजारीबाग जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर हजारीबाग- बड़कागांव मार्ग पर अवस्थित श्री नृसिंह स्थान झारखंड के प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में से एक है। हजारीबाग के दक्षिण कोनार नदी के तट पर विशाल सरोवर के किनारे सुरेंद्र वन प्रांतर क्षेत्र पर संवत् 1645 ई. में विद्वान पंडित श्री दामोदर मिश्र जी ने एकपक्षीय खपरैल भवन में पाषाण खंड का ताखा बनाकर देव विग्रह को स्थापित किया गया। कालांतर में धीरे-धीरे यहां भव्य विशाल मंदिर शोभायमान हो गया और इस धाम की प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैलती गई। धार्मिक आस्था के इस केंद्र स्थली में ना सिर्फ भगवान नृसिंह का दिव्य दर्शन होता है बल्कि यहां यज्ञ, मुंडन, विवाह जैसा मांगलिक कार्यक्रम भी संचालित होता है। नृसिंह स्थान के विकास और सौंदर्यीकरण में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा किए गए सकारात्मक प्रयास को भी भुलाया नहीं जा सकता। स्व. लम्बोदर पाठक के बाद सदर विधायक मनीष जायसवाल दूसरे जनप्रति. निधि हैं जिन्होंने नृसिंह स्थान के विकास में अपनी महत्ती भूमिका निभाई है। नृसिंह मंदिर के दोनों मुख्य प्रवेश द्वार में अपने विधायक निधि की राशि से विशाल तोरण द्वार, मंदिर परिसर में दो मंजिला आधु. निक सुलभ शौचालय और मंदिर के मुख्य द्वार पर हाई मास्ट लाइट अधिष्ठापित कराया। मंदिर के चहुंओर पीडब्ल्यूडी की हाईवे गुणवत्ता का सड़क निर्माण कराकर यहां आने वाले लोगों को बड़ी सहूलियत प्रदान की। यह सुखद संयोग ही है कि हजारीबाग की पावन धरती में कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र दिन में जहां एक और भग. वान नृसिंह के दरबार में उनके श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है तो वहीं दूसरी ओर सिख धर्म के लोगों का आस्था के केंद्र हजारीबाग के गुरु गोविंद सिंह रोड अवस्थित गुरुद्वारा परिसर में भक्ति की रसधार की बयार होती है। गुरुद्वारा में विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन के जरिए निहाल होता है वहीं गुरुद्वारा और आसपास के जगह को आकर्षक विद्युतीय बल्बों की सतरंगी छटा से बिखेरा जाता है ।







